दिन– मंगलवार दिनांक– 23 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत के तेजी से विकसित भरोसेमंद अर्थव्यवस्था और विश्व–शक्ति बनने में राष्ट्र प्रथम का सिद्धांत प्रेरक बल।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – प्रदेश में भू–जल के अनियंत्रित दोहन को रोकने के लिए नई नीति बनाई जाएगी।

03. प्रदेश के चार सौ पच्चीस थानों में पुलिस निरीक्षक होंगे थानाध्यक्ष पद पर नियुक्त।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान – अगले अड़तालीस घंटों के दौरान मानसून के राज्य के शेष भागों में आगे बढ़ने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के तेजी से विकसित भरोसेमंद अर्थव्यवस्था और विश्वसनीय विश्व–शक्ति बनने में राष्ट्र प्रथम का सिद्धांत प्रेरक रहा है। कल नई दिल्ली में एक निजी मीडिया हाउस के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्वसनीयता, स्थिरता और वैश्विक हित के लिए प्रतिबद्धता पिछले दशक में भारत की उपलब्धियों के मूल में रही हैं। जी–7 शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व नेताओं ने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने की भारत की अटल प्रतिबद्धता को समझा है। सरकार के बारह वर्ष के कार्यों का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत, मेक इन इंडिया, खादी और स्थानीय उत्पादों को बढावा देने जैसी पहल राष्ट्र निर्माण के प्रति नागरिकों की प्रतिबद्धता से सफल हुई हैं।

––साउंड बाइट––

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में लगभग पच्चीस करोड लोग गरीबी से उबरे हैं। श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक उथल–पुथल के बावजूद भारत में अभूतपूर्व अवसर सृजित हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ भारतवासियों के सामूहिक प्रयासों से विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

––साउंड बाइट––

---

राज्य सरकार भू–जल के अनियंत्रित दोहन को रोकने के लिए नई नीति बनाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लघु जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान ये निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को भू–जल के संरक्षण और विनियमन के लिए बिहार भू–जल (प्रबंधन और विनियमन) अधिनियम–दो हजार छब्बीस लाने की दिशा में तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग को ऐसी कार्य संस्कृति विकसित करनी चाहिए, जिसमें वर्षा जल संचयन, भू–जल पुनर्भरण और जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों को व्यापक स्तर पर बढ़ावा मिले। उन्होंने भू–जल स्तर में सुधार के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी उपायों को अपनाने पर जोर दिया। इस बैठक में  विभागीय मंत्री संतोष कुमार सुमन समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

---

प्रदेश के चार सौ पच्चीस पुलिस थानों में पुलिस निरीक्षक को ही थानाध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। इसके अनुसार वर्तमान में चिन्हित दो सौ आठ थानों के अलावा दो सौ सत्रह थानों को सामान्य श्रेणी के थानों में उत्क्रमित किया गया है। इन थानों में पुलिस निरीक्षक स्तर के पदाधिकारियों को भी थानाध्यक्ष के रूप में पदस्थापित किया जाएगा। साथ ही आपातकालीन या अल्पकालिक अवकाश की स्थिति में पुलिस निरीक्षक रैंक से नीचे के किसी भी पदाधिकारी को इन थानों में प्रभारी नहीं बनाया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

---

वैशाली जिले के हाजीपुर में औद्योगिक क्षेत्र गोरौल फेज–एक में अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की जाएगी। बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की परियोजना समाशोधन समिति की बैठक में इस संबंध में स्वीकृति प्रदान की गई है। यह बैठक उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो एकड़ में स्थापित होने वाली इस इकाई के लिए सत्रह करोड़ पच्चीस लाख रुपये तक का निवेश किया जाएगा। इस परियोजना से दो सौ लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

---

शिक्षा विभाग वित्तीय अनियमितता और लापरवाही के मामले में छह अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। यह आदेश आठ मई से प्रभावी हो गया है। आदेश में कुछ अधिकारियों की वेतन—पेंशन से कटौती और वेतन वृद्धि पर रोक की अनुशंसा की गयी है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। हमारी संवाददाता ने बताया कि इस दौरान दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और छप्पन पद्मश्री सहित कुल पैंसठ पद्म अलंकरण दिए जाएंगे।

——रिपोर्ट——

गौरतलब है कि पिछले महीने आयोजित पुरस्कार के पहले चरण के तहत बिहार की तीन विभूतियों को पदम् पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इनमें प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. गोपाल जी त्रिवेदी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में और डोमकच लोक नृत्य परंपरा के पुरोधा विश्वबंधु को मरणोपरांत पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनके परिजनों ने राष्ट्रपति से यह सम्मान प्राप्त किया। वहीं, भोजपुरी लोक गायक भरत सिंह भारती को कला और लोक गायन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री दिया गया था।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण—पश्चिम मानसून के अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के शेष हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। विभाग के अनुसार मानसून की रेखा फिलहाल गया और मुजफ्फरपुर से गुजर रही है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के उत्तर—मध्य, उत्तर—पूर्व और दक्षिण—पूर्व भाग के जिलों सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार और बांका के कुछ स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका है।

———साउंड बाइट———

इस बीच, दक्षिण बिहार के कई स्थानों पर बारिश होने से अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। हालांकि मौसम विभाग

ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

---

इधर, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण कोसी नदी के जलस्तर में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुयी है। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया कि इस वर्ष पहली बार नदी का जलस्तर एक लाख क्यूसेक के आंकड़े को पार कर गया है। कोसी बराज पर बढ़ते दबाव को देखते हुए बराज से एक लाख नौ सौ पचपन क्यूसेक पानी छोड़ा गया। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। इधर, मधुबनी के झंझारपुर में कमला बलान नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है।

---

राज्य सरकार ने मानसून अवधि में चार महीने के प्रतिबंध के दौरान अन्य राज्यों में बालू की बिक्री और परिवहन की अनुमति दे दी है। खान और भूतत्व विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार बालू स्टॉक के लाइसेंसधारी छब्बीस जून से पंद्रह अक्टूबर तक राज्य के बाहर बालू भेज सकते हैं। इसके लिए ई–चालान निर्गत किया जाएगा।

---

पूर्व मध्य रेल पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए आज और कल तेरह विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन करेगा। ये ट्रेन पटना जंक्शन, पाटलिपुत्र और दानापुर समेत अन्य रेलवे स्टेशनों से परिचालित होंगी। रेलवे की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज छह और कल सात विशेष ट्रेनें चलेंगी।

---

इधर, आगामी सत्ताईस जून से दानापुर और पुणे के बीच अमृत भारत ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि यह साप्ताहिक ट्रेन पुणे से प्रत्येक शनिवार और दानापुर से प्रत्येक सोमवार को चलेगी।

---

वहीं, धनबाद मंडल में छीपादोहर–बरवाडीह–मंगरा रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन चालू करने के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के मद्देनजर चौदह ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। साथ ही सोलह ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलायी जायेंगी।

---

लखीसराय जिले में आयोजित नीट पुनर्परीक्षा के दौरान फर्जी परीक्षार्थियों के माध्यम से परीक्षा दिलाने वाले संगठित गिरोह के तीस लोगों की गिरफ्तारी हुई है। अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त जांच में यह कार्रवाई की गयी है। श्री कुमार ने बताया कि जिले के तीन परीक्षा केंद्रों से नौ फर्जी परीक्षार्थी, सहयोगी और बायोमेट्रिक कर्मियों समेत कुल तीस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में किऊल तथा कवैया थाना क्षेत्र में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

---

शिवहर जिले की एक अदालत ने पोक्सो एक्ट से संबंधित मामले में एक दोषी को बीस वर्ष कारावास और बीस हजार रुपये का अर्थदंड दिया है।

मधुबनी जिले में कलुआही थाना पुलिस ने मांगा टोल, बेलाही में छापेमारी कर सौ लीटर देशी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित महिला अंडर–नाईन्टीन एक दिवसीय लीग मुकाबले में टीम–बी ने टीम–ए को पांच विकेट से हरा दिया। भागलपुर के सैंडिश कम्पाउंड में खेले गए मुकाबले में टीम–एक के लिए कप्तान और विकेट कीपर अक्षरा गुप्ता ने अड़सठ गेदों में एक सौ चौंसठ रन की शानदार पारी खेली। हालांकि उनकी यह पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर : नीट पुनर्परीक्षा से जुड़ी है – अखबार लिखता है – मेडिकल छात्र ने बनया स्कॉलर गैंग, तीस गिरफ्तार।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – किसानों को राहत, मुख्यमंत्री ने खातों में भेजी दो सौ साठ करोड़ की राशि।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – पीएमसीएच में अब सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और एक्सरे एक छत के नीचे।

प्रभात खबर की विशेष खबर है – म्यूचुअल फंड निवेश में बिहार टॉप टेन राज्यों में शामिल। औसत एसेट अंडर मैनेजमेंट में अस्सी हजार सात सौ इकतीस करोड़ रुपये पहुंचा।

आज अखबार का शीर्षक है – भरत तिवारी मुठभेड़, पांच पुलिसकर्मी निलंबित।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं – लखनऊ की कोचिंग में लगी आग, पंद्रह की मौत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत के तेजी से विकसित भरोसेमंद अर्थव्यवस्था और विश्व–शक्ति बनने में राष्ट्र प्रथम का सिद्धांत प्रेरक बल।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – प्रदेश में भू–जल के अनियंत्रित दोहन को रोकने के लिए नई नीति बनाई जाएगी।

03. प्रदेश के चार सौ पच्चीस थानों में पुलिस निरीक्षक होंगे थानाध्यक्ष पद पर नियुक्त।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान – अगले अड़तालीस घंटों के दौरान मानसून के राज्य के शेष भागों में आगे बढ़ने की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।